नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

कनेडियन लेखिका बख्श संघा का व्याख्यान

22 मार्च 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के अनुवाद अध्ययन विभाग में कनाडा की पंजाबी कवियत्री बख्श संघा और रंगकर्मी जसवीर संघा ने 'पुस्तक और मैं' कार्यक्रम के तहत अपनी कविताओं और गीतों का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुवाद

अध्ययन विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. देवराज ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने रचनाकर्म एवं पंजाबी डायस्पोरा संबंधी चर्चा की। बख्श संघा ने प्रवासी पंजाबियों के जीवन के सुखांत-दुखांत के बारे में बताते हुए अपने लेखन में सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक सरोकारों को लेकर चर्चा करते

हुए प्रवासी स्त्री की समस्याओं और जीवन संघर्षों को प्रस्तुत करने वाले अपने गीतों को गाकर अपनी पुस्तकों संबंधी चर्चा की । जसवीर संघा ने लोकगीतों के माध्यम से प्रवासी पंजाबी जीवन शैली संबंधी चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति के रूप में आमंत्रित स्त्री अध्ययन विभाग के प्रो.शंभु ने गुप्त ने बख्श संघा की कविताओं की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उन्हें संवेदनशील रचनाकार बताया। आभार डॉ. राम प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. हरप्रीत कौर ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. अवंतिका शुक्ला, सहायक प्राध्यापक शरद जायसवाल और शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित थे।